सुधांशु मोहन्ती, भा.र.ले.से.
Sudhansu Mohanty, IDAS
रक्षा लेखा महानियंत्रक
CGDA

रक्षा लेखा महानियंत्रक
Controller General of Defence Accounts
उलान बटार रोड़, पालम
Ulan Batar Road, Palam
दिल्ली छावनी - 110010
Delhi Cantt - 110010
दूरभाष / Tel.: 25674782
फैक्स / Fax : 25674776
E-mail : mohanty_sudhansu@hotmail.com

सत्यमेव जयते

संदेश

14 सितम्बर, **हिन्दी दिवस** के अवसर पर रक्षा लेखा विभाग के समस्त अधिकारियों और कर्मचारियों को हार्दिक शुभकामनाएं। हमारे देश में अनेक भाषाएं और बोलियां प्रचलित हैं । इनमें से हिन्दी भाषा किसी न किसी रुप में पूरे देश में बोली, लिखी व समझी जाती है। संविधान में हिन्दी को राजभाषा का दर्जा दिया गया है। अत: राजकीय कार्यों को हिन्दी में करना हमारा संवैधानिक दायित्व है।

स्वतंत्रता प्राप्ति के पिछले 68 वर्षों में केन्द्र सरकार के कार्यालयों में सरकारी कामकाज हिन्दी में काफी मात्रा में हुआ है और हो रहा है, किन्तु जैसा कि मैंने कहा कि हमारा देश विविध संस्कृतियों तथा विविध भाषाओं वाला देश है। केन्द्र सरकार के कार्यालयों में सभी प्रदेशों से चयनित अधिकारी, कर्मचारी काम करते हैं जिनकी पृथक मातृभाषाएं होंगी। ऐसे में, हिन्दी में काम करने में कठिनाई महसूस हो सकती है; लेकिन सरकार का प्रयास है कि "प्रोत्साहन", "प्रेरणा" एवं "सद्भावना" से हिन्दी के प्रगामी प्रयोग को बढ़ाया जाए। हिन्दी में काम करना आसान है, आवश्यकता है केवल अपनी मनोवृत्ति बदलने की। विभाग में हिन्दी जानने वाले अधिकारी एवं कर्मचारी पर्याप्त संख्या में हैं, अत: उन्हें अपना अधिकाधिक सरकारी कामकाज हिन्दी में करते हुए दूसरों को भी इसके लिए प्रेरित करना चाहिए। सरल और सामान्य बोलचाल की हिंदी भाषा अपनाने में अधिक कठिनाई नहीं होगी। आज अनेक शब्द ऐसे हैं जो मूलत: अन्य भाषाओं के होते हुए भी हिन्दी में प्रयुक्त होते हैं। अत: हिन्दी दिवस पर मेरा आपसे अनुरोध है कि आम जन की सरल हिन्दी भाषा का प्रयोग करते हुए आप अपना अधिकाधिक सरकारी कार्य हिन्दी में करने का संकल्प लें ।

हिन्दी दिवस के अवसर पर मैं पुन: अपनी हार्दिक शुभकामनाएं देता हूँ।

जय हिन्द।

सुम

रक्षा लेखा महानियंत्रक

दिल्ली छावनी
14 सितम्बर, 2015